लघु और मध्यम शहरों के समेकित विकास के अन्तर्गत शहरों की पहचान किया जाना

5755. श्री ईश दत्त यादव:
श्री आस मोहम्मद:

क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लघु व मध्यम शहरों के समेकित विकास के अन्तर्गत लघु और मध्यम शहरों की पहचान कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रयोजनार्थ शहर-वार तथा राज्यवार कितनी धनराशि नियत की गई है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन): (क) जी, हां।

(ख) केन्द्र प्रवर्तित लघु तथा मध्यम कस्बों के एकीकृत विकास की योजना के तहत आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-93) के दौरान लाभान्वयन हेतु 25 राज्य सरकारों तथा एक संघ राज्य क्षेत्र में कुल 536 कस्बों का निर्धारण किया है। जिसके राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये है; (नीचे देखिए); और

(ग) आई० डी० एस० एम० टी० योजना के तहत चूंकि राज्य सरकारों को केवल उदार ऋण दिये जाते है; अतः किसी राज्य अथवा नगर/कस्बा विशेष के लिये कोई धन निर्धारित नहीं है। आई० डी० एस० एम० टी० दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना रिपोर्टें प्राप्त होने पर निधियां रिलीज की जाती है। निर्धारित किये गये 536 कस्बों में से आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान 232 कस्बे पहले ही लाभान्वित किये जा चुके हैं और 44.75 करोड़ रु० की केन्द्रीय सहायता रिलीज की गई है।

विवरण

राज्य सरकारों द्वारा आई० डी० एस० एम० टी० के तहत आठवीं पंचवर्षीय योजना के (1992-93) के दौरान लाभान्वयन के लिए निर्धारित कस्बों की संख्या।

क्रम सं०	राज्य का नाम	निर्धारित कस्बों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	33
2.	अरुणाचल प्रदेश	12
3.	असम	17
4.	बिहार	40
5.	गोवा	3
6.	गुजरात	10
7.	हरियाणा	10
8.	हिमाचल प्रदेश	8
9.	जम्मू एवं काश्मीर	9
10.	कर्नाटक	72
11.	केरल	20
12.	मध्य प्रदेश	38
13.	महाराष्ट्र	57
14.	मणिपुर	5
15.	मेघालय	1
16.	मिजोरम	20
17.	नागालैंड	4
18.	उड़ीसा	31
19.	पंजाब	10
20.	राजस्थान	30
21.	सिक्किम	2
22.	तमिलनाडु	30
23.	त्रिपुरा	3
24.	उत्तर प्रदेश	41
25.	पश्चिम बंगाल	25
26.	पाण्डिचेरी (संघ शासित क्षेत्र)	5
	योग :	536

Implementation of Low Cost Sanitation Scheme in Vijayawada

5756. SHRI T. VENKATRAM REDDY:
SHRI G. PRATHAPA REDDY:

Will the Minister of URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether the Union Government propose to implement low cost sanitation scheme in Vijayawada;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the details of the participation of Union and State Governments and Vijayawada Municipal Corporation in thk regard?